न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– श्री **कार्तिकेय मीणा, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः 287/2022

दायर दिनाँक **12.07.2022**

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. भूराराम पुत्र उमाराम उम्र 56 वर्ष जाति मेघवाल निवासी मण्डूकरा, तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0। | बनाम् | 1. किसनाराम दत्तक पुत्र भोलाराम जाति नायक निवासी बालिया तहसील डीडवाना जिला नागौर<br>2. बाबुड़ा पुत्र जेठा जाति नायक निवासी बालिया तहसील डीडवाना जिला नागौर (फौत)<br>3. तहसीलदार डीडवाना |

दावा बाबत्
घोषणा खातेदारी, व स्थाई निषेधाज्ञा
अन्तर्गत धारा– 88, 188 **R.T.Act.**

उपस्थितः–

1. श्री विक्रम कुड़ी वकील वादी।

–:: निर्णय ::–

दिनाँक **30.09.2022**

वाद के तथ्य संक्षेप्त में इस प्रकार है कि वादी व प्रतिवादी सं0 1 व 2 की संयुक्त खातेदारी का खेत खसरा सं0 150 रकबा 0.6000 हैक्टे0 वाकै सरहद जानकीपुरा पटवार हल्का बालिया भू0 अभि0 नि0 निम्बी कलां तहसील डीडवाना में अवस्थित है।

यह है कि खेत खसरा सं0 150 रकबा 0.6000 हैक्टे0 भूमि में से 1/4 भाग भूमि वादी की खरीद सुदा खातेदारी सुदा भूमि है, उक्त खरीद सुदा जायगा वाद–पत्र के साथ प्रस्तुत नजरी नक्शा अनुसुची "अ" में मार्क ए, बी, सी, डी से दर्शित है। उक्त जायगा वादी ने पूर्व खातेदार जीवण पुत्र जेठा उर्फ सीतलनाथ से जरिये विक्रय विलेख दिनांक 25.06.2020 को उसका सम्पूर्ण हिस्सा खरीद कर उसका कब्जा प्राप्त किया था। खातेदार अनकी देवी का स्वर्गवास हो चुका है, उसके कोई जायन्दा पुत्र नही है जिस कारण से उसके दत्तक पुत्र प्रतिवादी सं0 01 को पक्षकार बनाया गया है।

यह है कि वादी व प्रतिवादी सं0 1 ता 2 खेत खसरा सं0 150 रकबा 0.6000 हैक्टे0 भूमि पर मौखिक रूप से नजरी नक्शा अनुसार अपने–अपने हिस्से पर काबिज काश्त चले आ रहे है, लेकिन बंटवारा बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस नहीं होने के कारण वादी अपने हिस्से की भूमि का बंटवारा बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस करवाकर अमल खा[...] [...]षित करवाना चाहता है, इसलिए वादी द्वारा यह बंटवारा का वाद पेश [...]

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.15 16:41:24 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner

प्रार्थना वादी इस प्रकार है:–

यह है कि खेत खसरा सं0 150 रकबा 0.6000 हैक्टे0 भूमि का बंटवारा बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस किया जाकर वादी का 1/4 भाग भूमि नजरी नक्शा में वर्णित मार्क ए बी सी डी की खातेदारी अलग घोषित की जावें तथा इसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। तत्सम्बन्धी विधि का अध्ययन् किया। अतः, बाद विवेचन, वाद वादीनी डिक्री सादिर किया जाता है।

**–:आदेश :–**

अतः हस्व दावा डिक्री सादिर कर, वाकै सरहद जानकीपुरा पटवार हल्का बालिया भू0 अभि0 नि0 निम्बी कलां तहसील डीडवाना में खेत खसरा सं0 150 रकबा 0.6000 हैक्टे0 भूमि में वादी का 1/4 भाग भूमि नजरी नक्शा में वर्णित मार्क ए बी सी डी की खातेदारी अलग घोषित की जाती है।

तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

निर्णय आज दिनाँक **30.09.2022** को सरे इजलास में सुनाया गया।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.15 16:41:24 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

डिक्री बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः— सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 287/2022 | दायर दिनॉंक 12.07.2022

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. भूराराम पुत्र उमाराम उम्र 56 वर्ष जाति मेघवाल निवासी मण्डूकरा, तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0। | बनाम् | 1. किसनाराम दत्तक पुत्र भोलाराम जाति नायक निवासी बालिया तहसील डीडवाना जिला नागौर<br>2. बाबुड़ा पुत्र जेठा जाति नायक निवासी बालिया तहसील डीडवाना जिला नागौर (फौत)<br>3. तहसीलदार डीडवाना |

**दावा बाबत्**
**घोषणा खातेदारी, व स्थाई निषेधाज्ञा**
**अन्तर्गत धारा— 88, 188 R.T.Act.**

दिनॉंक 30.09.2022

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री विक्रम कुड़ी वकील वादी की और से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि, हस्ब दावा डिक्री सादिर कर, वाकै सरहद जानकीपुरा पटवार हल्का बालिया भू0 अभि0 नि0 निम्बी कलां तहसील डीडवाना में खेत खसरा सं0 150 रकबा 0.6000 हैक्टे0 भूमि में वादी का 1/4 भाग भूमि नजरी नक्शा में वर्णित मार्क ए बी सी डी की खातेदारी अलग घोषित की जाती है। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–............... बाबत....................–....................
खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह.........–......... आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज की तारीख 30.09.2022 को सरे इजलास में जारी की गयी।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

| मुद्दई | रूपया | पैसे | मुदायलह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| महनताना वकील | – | | महनताना वकील | | |
| खर्चा गवाहान | – | | खर्चा गवाहान | | |
| फिस कमिश्नर | | | फिस कमिश्नर | | |
| बाबत इजराय | | | बाबत इजराय | | |
| हुक्मनामा | | | हुक्मनामा | | |
| मुतफर्रिक | | | मुतफर्रिक | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

नोटः—इस खर्च के फार्म पर कुल [illegible] डिक्री के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.15 16:41:24 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner